कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल
क्रमांक / एफ–5 / 859 / 2019 / 10–11 / 2618 भोपाल, दिनांक। 9-8-19
प्रेषक :–

सुनील अग्रवाल (भा.व.से.)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) एवं
नोडल अधिकारी वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980
मध्यप्रदेश, भोपाल।

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय)
भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिम क्षेत्र, केन्द्रीय पर्यावरण भवन,
लिंक रोड़ नं. 3, ई–5, रविशंकर नगर, मध्यप्रदेश, भोपाल।

**विषयः– सिंगरौली जिले में जयंत माइन्स से मोरबा रेल्वे साइडिंग तक कोयला परिवहन के लिये मार्ग निर्माण हेतु 7.448 हेक्टेयर वन भूमि नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड सिंगरौली को उपयोग पर देने बाबत्।**

संदर्भः– आपका पत्र क्रमांक / 6-MPC 018/2019-BHO/408 दिनांक 24.05.2019

----0----

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आपने भारत सरकार कार्यालय में दि0 17.05.2019 को आयोजित 35वीं REC की बैठकमें 06 बिन्दुओं पर जानकारी चाही गई थी। आपके द्वारा चाही गई जानकारी निम्नानुसार हैः–

1– बिन्दु क्रमांक 1 के पालन में माइनिंग लीज के क्षेत्र की KML file ऑनलाईन प्रस्ताव के भाग–1 के बिन्दु क्रमांक C में शून्य रकबे में दर्शाते हुए अपलोड कर दी गई हैं एवं माइनिंग लीज की भारत सरकार की अनुमति की प्रति को ऑनलाईन भाग–1 के अतिरिक्त जानकारी के कॉलम में अपलोड की गई है, सी0डी0 एवं अनुमोदन की प्रति की हार्डकॉपी संलग्न है।

2– बिन्दु क्रमांक 2 के पालन में वन अधिकार अधिनियम के तहत कलेक्टर सिंगरौली का प्रमाण पत्र दिनांक 28.03.2019 ऑनलाईन भाग–1 के बिन्दु क्रमांक K में अपलोड कर दिया गया है एवं हार्डकॉपी में संलग्न है।

3– बिन्दु क्रमांक 3 के पालन में Cost-Benefit analysis ऑनलाईन भाग–1 के बिन्दु क्रमांक G में अपलोड कर दिया गया है एवं हार्डकॉपी में संलग्न है।

4– बिन्दु क्रमांक 4 के पालन में प्रस्तावित क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य विकल्पों का मानचित्र ऑनलाईन प्रस्ताव के भाग–1 के बिन्दु क्रमांक D(ii) में अपलोड कर दिया गया है एवं हार्डकॉपी में संलग्न है।

5– बिन्दु क्रमांक 5 के पालन में 7 वर्ष के स्थान पर 10 वर्षीय वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना वर्ष 2019–20 से 2028–29 तक तैयार की गई है, जिसकी लागत राशि रूपये 77,29,957 है, जिसे अपलोड कर दी गई है। वैकल्पिक वृक्षारोपण की सर्वे ऑफ इंडिया की टोपोशीट एवं जियो रिफरेंश मेप अपलोड कर दिया गया है।

6— बिन्दु क्रमांक 6 के पालन में वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना हेतु संशोधित अतिक्रमण मुक्त क्षेत्र का चयन कर 10 वर्षीय योजना बनाई जाकर अपलोड कर दी गई है।

उपरोक्तानुसार आपके द्वारा चाही गई 6 बिन्दुओं की जानकारी पूर्ण हो गई है। कृपया प्रकरण में स्वीकृति जारी करने का कष्ट करें।

संलग्नः—उपरोक्तानुसार।

भवदीय

19/8/19

(सुनील अग्रवाल)

पृ. क्रमांक / एफ—5 / 859 / 2019 / 10—11 / 2619 भोपाल, दिनांक 19-8-19

प्रतिलिपिः—

1. मुख्य वन संरक्षक, रीवा वृत्त रीवा, मध्यप्रदेश।
2. वन मण्डलाधिकारी सामान्य वन मण्डल सिंगरौली, मध्यप्रदेश।
3. महाप्रबंधक, जयंत परियोजना, नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

19/8/19

**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू—प्रबंध)**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**